## <u>कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश</u>

| | |
|---|---|
| उपस्थित | **श्री मृत्युंजय कुमार नारायण, कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।** |
| प्रार्थी | **सर्वश्री कैमेरो टेक्नोसिस लि0, सी-6, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, साइट-1, कानपुर।** |
| प्रार्थना पत्र संख्या व दिनांक | **020 / 10, 26.02.2010** |
| प्रार्थी की ओर से | **कोई उपस्थित नहीं हुआ ।** |

### <u>उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 की धारा-59 के अन्तर्गत निर्णय</u>

सर्वश्री कैमेरो टेक्नोसिस लि0, सी-6, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, साइट-1, कानपुर द्वारा दिनांक 26.02.2010 को उत्तर प्रदेश वैट अधिनियम, 2008 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रार्थना-पत्र दाखिल किया गया, जिसमें उनके द्वारा '' एल्युमिनियम के थ्री / फोर-वे ज्वाइन्ट (Three way Joint with Base Plate for TEFS) टेन्ट एक्सटेम्बल फ्रेम सपोर्ट '' पर, वैट अधिनियम के अन्तर्गत कर की दर जाननी चाही गयी है ।

2. प्रार्थना-पत्र की सुनवाई हेतु प्रार्थी को कई नोटिस भेजी गयी, कोई उपस्थित नहीं हुआ । नैसर्गिक न्याय के हित में पुन: दिनांक 13.02.2014 के लिए नोटिस भेजी गई । उक्त नोटिस की तामीली के उपरान्त भी, कोई उपस्थित नहीं हुआ ।

3. उपरोक्त संदर्भ में ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर, सम्भाग-ए, कानपुर द्वारा पत्र संख्या-4230, दिनांक 12.03.2010 से प्रेषित आख्या में कहा गया है कि एल्युमिनियम एसेसरीज उत्तर प्रदेश वैट अधिनियम, 2008 की अनुसूची-II के भाग-क के क्रमांक-48 अथवा 87 से आच्छादित नहीं है क्योंकि इनमें केवल फेरिस तथा नान फेरिस मेटल तथा एलाय, नान-मेटल जैसे-एल्युमिनियम, तॉबा तथा जस्ता एवं उनके एक्सट्रूजन एवं ज्वाइन्टिंग मैटेरियल सम्मिलित हैं जिसकी सूची क्रमांक-87 में अंकित है और इसमें एल्युमिनियम ऐसेसरीज सम्मिलित नहीं है ।

इस प्रकार याची द्वारा उल्लिखित वस्तुओं अर्थात एल्युमिनियम के थ्री / फोर-वे ज्वाइन्ट (Three way Joint with Base Plate for TEFS) टेन्ट एक्सटेम्बल फ्रेम सपोर्ट तथा टेन्ट लगाने हेतु एल्युमिनियम एसेसरीज पर अवर्गीकृत वस्तु की भॉंति 12.5% VAT तथा 1% SAT की दर से करदेयता होगी।

पुन: एडीशनल कमिश्नर, ग्रेड-1, वाणिज्य कर, कानपुर जोन-प्रथम, कानपुर के पत्र संख्या-250, दिनांक 09.05.2014 एवं पत्र संख्या-619, दिनांक 21.06.2014 से प्रेषित आख्या में कहा गया है कि प्रार्थी के वर्ष 2008-09, 2009-10 एवं 2010-11 के अन्तिम कर निर्धारण आदेश पारित किये जा चुके हैं । वित्तीय वर्ष 2010-11 के वाद में एल्युमिनियम के थ्री / फोर-वे ज्वाइन्ट की बिक्री पर उत्तर प्रदेश वैट अधिनियम, 2008 की धारा-31 के अन्तर्गत आदेश पारित करते हुए एल्युमिनियम के थ्री / फोर-वे ज्वाइन्ट की बिक्री पर अवर्गीकृत वस्तु की भॉंति 13.5% की दर से कर आरोपित किया गया है ।

यह भी अवगत कराया गया है कि वर्तमान में प्रार्थी द्वारा एल्युमिनियम शू मोल्ड, सेफ्टी शू तथा इन्जेक्टेड सोल की बिक्री घोषित करते हुए अवर्गीकृत वस्तु की भॉंति 12.5% + 1.5% की दर से करदेयता स्वीकार करते हुए कर एवं रिटर्न जमा किया जा रहा है ।

.....2

4. प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा कहा गया है कि एडीशनल कमिश्नर, ग्रेड-1, वाणिज्य कर, कानपुर जोन-प्रथम, कानपुर की आख्या के अनुसार प्रार्थी द्वारा वर्तमान में मासिक / त्रैमासिक रिटर्न तथा 12.5% + 1.5% की दर से कर जमा किया जा रहा है। प्रार्थी द्वारा वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्रश्न पूछा गया था। वित्तीय वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 का अन्तिम कर निर्धारण आदेश पारित हो चुका है। अत: प्रासंगिक न होने के कारण उत्तर प्रदेश वैट अधिनियम, 2008 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र स्वीकार योग्य नहीं होना चाहिए।

5. मेरे द्वारा धारा-59 के प्रार्थना-पत्र में उल्लिखित तर्कों, प्रस्तुत साक्ष्यों, ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) वाणिज्य कर, सम्भाग-ए, कानपुर, एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, कानपुर जोन-प्रथम, कानपुर द्वारा प्रेषित आख्या एवं विधि-व्यवस्था का परिशीलन किया गया। पाया गया कि प्रश्नकर्ता प्रार्थी नियमित रूप से मासिक / त्रैमासिक रिटर्न तथा कर जमा करते हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय सर्वश्री घनश्याम दास बनाम रीजनल असिस्टेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स, नागपुर (1964 AIR 766 ) एवं माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम की धारा-35 के सम्बन्ध में पारित निर्णय कमिश्नर बिक्रीकर, उ0 प्र0 बनाम सर्वश्री राना मसाला उद्योग 1983 ATJ 240 के आलोक में मासिक रिटर्न फार्म-24 जमा करने के कारण कर-निर्धारण अधिकारी के समक्ष कार्यवाही विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी के वित्तीय वर्ष 2009-10 एवं 2010-11 का अन्तिम कर निर्धारण आदेश पारित किया जा चुका है। प्रार्थी का प्रश्न प्रासंगिक नहीं रह जाता है। अत: धारा-59 (1) के प्राविधानों के अनुसार प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र ग्राह्य न होने के कारण अस्वीकार किया जाता है।

6. उपरोक्त की एक प्रति व्यापारी, कर निर्धारण अधिकारी व कम्प्यूटर में अप लोड करने हेतु मुख्यालय के आई0 टी0 अनुभाग को प्रेषित कर दी जाय।

दिनांक 07 जुलाई, 2014

ह0 / 07.07.2014

**(मृत्युंजय कुमार नारायण)**
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।